प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 01.02.2025

- **अपराध नियंत्रण एवं अपराधियो के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम मे थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा मोटर साइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में व श्रीमान पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा दिनांक 28.01.2025 को वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना रसूलाबाद पर मु0अ0सं0 0035/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 01.02.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर उक्त अभियोग में प्रकाश में आये अभियुक्त रोहित अग्निहोत्री पुत्र स्व0 नरेश कुमार अग्निहोत्री निवासी ग्राम रजऊ, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात, उम्र लगभग 35 वर्ष को समय 11.30 बजे लालू नहर पुल से 200 मीटर आगे, थाना क्षेत्र रसूलाबाद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1. रोहित अग्निहोत्री पुत्र स्व0 नरेश कुमार अग्निहोत्री निवासी ग्राम रजऊ, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्त का अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 0035/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री मिलन सिरोही, चौकी प्रभारी असालतगंज, थाना रसूलाबाद
2. हे0का0 133 सुनील कुमार, चौकी असालतगंज, थाना रसूलाबाद।